अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 11-12 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 मई-जून 2021 ✦ वर्ष 9 ✦ कुल पृष्ठ 52 ✦ मूल्य ₹5

खुद बचें, अपनों को बचाऐं - वैक्सीनेशन करवाऐं।
मास्क पहनकर रहें - कोरोना नियमों का पालन करें।

कोविड-19 लॉकडाउन के कारण मई-2021 (अंक 11) एवं
जून-2021 (अंक 12) की पत्रिका का संयुक्त प्रकाशन किया जा रहा है।

स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

(19 अगस्त 1927 – 31 अगस्त 2016)

जैन समाज के लिये आपका योगदान एवं समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का अन्तिम सन्देश सदैव स्मरणीय रहेगा।

आपका प्रेरणामय जीवन हमारे लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा।

MARSON'S
ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY

समस्त परिवारीजन
स्टाफ एवं कर्मचारीगण

MARSON'S ELECTRICAL INDUSTRIES
(Prop. MEI Power Pvt. Ltd.)
www.marsonselectricals.com • E-mail : info@marsonselectricals.com
1/189, Delhi Gate, Civil Lines, Agra-282002 (India)
Ph : +91-562-2520027, 2850812 • Fax : +91-562-2851306
Works :
Mathura Road, Artoni, Agra - 282007 (India)
Ph : +91-2641448, 2642327-28 • Fax : +91-562-2641435

TRANSFORMERS EXPORTED TO OVER 15 COUNTRIES

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

अंक 11-जून ✦ 25 मई-जून 2021 ✦ वर्ष 9

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

महासभा पदाधिकारी

श्री आर.सी. जैन *(अध्यक्ष)*
(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

श्री राजीव रतन जैन *(महामंत्री)*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

श्री अजीत जैन *(अर्थमंत्री)*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल

डॉ. अनुपम जैन *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

श्री चन्द्रशेखर जैन *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

श्री प्रकाश चन्द जैन *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

श्री पारस जैन गहनौली *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

श्री महेश चन्द जैन *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

संयोजक की कलम से....

कोरोना महामारी ने देश को अपने आगोश में ले लिया है और अप्रैल और मई माह में यह अपने चरम पर पहुंच गया, परिणाम स्वरूप सारा राष्ट्र एवं समाज अस्तव्यस्त हो गया, सरकार भी लाचारों की भांति इधर-उधर देखती रही। चारों ओर ऑक्सीजन एवं वेन्टीलेटरों की आवश्यकता ने व्यक्ति को सम्पूर्ण रूप से हिला दिया, जिस भी परिवार में इस संक्रमण ने प्रवेश किया वह परिवार आर्थिक, मानसिक एवं व्यक्ति के खोने के डर से सहमा रहा। चारों ओर सन्नाटा छाने लगा। व्यक्ति-व्यक्ति, परिवार-परिवार के सदस्यों से डरने लगा, लोग एकत्व भाव में मानसिक संतुलन खोने लगे और परिणाम स्वरूप महामारी ने कई परिवारों के व्यक्तियों को अपने आगोश में ले लिया। इस महामारी में जिस व्यक्ति ने शुरूआत के समय लापरवाही बरती वह ही व्यक्ति एवं परिवार इसके चपेट में आ गये और बहुत से लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खोया और बहुत से परिवार इससे खत्म हो गये। कहीं पर परिवार का मुखिया गया तो कहीं पर परिवार के आय का आधार स्वयं इस काल का ग्रास बन गया। बहुत से बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया और वे अनाथ हो गये।

यह सब होता चला गया व्यक्ति फिर भी कहीं खोया रहा वह सोच नहीं पा रहा है कि वह क्या करें? ऐसे में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व उसको पुकार रहा है कि वह आगे आये और जितना भी बन सके उतना सहयोग सामाजिक बन्धुओं के लिए करे।

अब बात आती है पल्लीवाल समाज की तो आपने पाया होगा की समाज की सर्वोच्च संस्था एवं उसकी शाखाओं ने अभी तक कोई भी ऐसी योजना अथवा सहयोग की पहल समाज के पीड़ित परिवारों के लिए प्रस्तावित नहीं की। सभी बन्धु न जाने किसका इन्तजार कर रहे हैं। ऐसे समय में व्यापक स्तर पर सहयोगात्मक कार्य करने की आवश्यकता है, जिसमें पीड़ित परिवारों की जानकारी प्राप्त करना, आर्थिक सहयोग के साथ-साथ स्थाई रोजगार की व्यवस्था करना एवं महामारी ने जो पीड़ा उस परिवार को दी है उनको सहानुभूति प्रदान कर मुख्य धारा से पुनः जोड़ना आवश्यक है।

मैं अंत में यही कहना चाहूंगा कि अभी इस महामारी का असर खत्म नहीं हुआ है, अतः सभी सामाजिक बन्धु अपने-अपने परिवार को और फिर समाज को आने वाले समय के लिए तैयार रखें। समाज के डॉक्टर वर्ग का बहुत योगदान इन कार्यों में हो सकता है और उनके सहयोग से सामाजिक स्थानों को भविष्य की कोरोना महामारी की लहर हेतु तैयार करें। मुझे आशा है, आप सभी सामाजिक बन्धु इस पर विचार करेंगे। भगवान महावीर सभी की रक्षा करें।

-चन्द्रशेखर जैन

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।

शोक संवेदना

स्व. श्री ज्ञान चन्द जी कोटिया
(पुत्र स्व. श्री चेतन प्रकाश जी जैन)
(9.10.1931 - 22.04.2021)

स्व. श्री मलूक चन्द जी जैन
(27.11.1929 - 29.04.2021)

स्व. श्रीमती पुष्पा जी कोटिया
(धर्मपत्नी स्व. श्री ज्ञानचंद जी कोटिया)
(17.08.1941 - 17.05.2021)

जैन समाज
के लिये
आपके योगदान
एवं
समाज को
एक सूत्र में
बांधे रखने के
प्रयास सदैव
स्मरणीय रहेंगे

MARSONS
setting power in motion

आपका प्रेरणामय जीवन समाज के लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा

आपके परिवारजनों द्वारा श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका को दिया जा रहा सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा एवं श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका परिवार आपको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कामना करती है कि भगवान आपकी आत्मा को चिर् शांति प्रदान कर अपने चरणों में स्थान देवें।

जैन जीवन शैली और विश्व शांति

विश्व में शान्ति स्थापित हो, ऐसा हम सब ही चाहते हैं, किन्तु आज विश्व के अनेकों देशों में अंशाति है। पूर्व में हम दोनों विश्व युद्धों, अरब–इजराइल, इराक–ईरान, भारत–चीन, भारत–पाकिस्तान के युद्धों के गंभीर परिणाम देख चुके हैं। उसके बावजूद आज अनेक देश अणु, परमाणु बम, विनाशकारी आयुधों, रॉकेट, मिसाइल के उपयोग के लिये तैयार खड़े हैं, जिससे सम्पूर्ण मानव जाति का विनाश भी सम्भव है। अलकायदा और आईएसआईएस जैसे उग्रवादी, आतंकी संगठनों द्वारा अनेक देशों में आतंकवाद फैला रखा है जिसके दुष्परिणाम हम देख चुके हैं।

मनुष्य आज धन, दौलत प्राप्ति के लिये अवैध तरीके अपनाकर परिग्रही, अनैतिक होता जा रहा है। अवैध तरीके से कमाये गये धन संचय की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, मनुष्य में प्रेम भाव का अभाव होता जा रहा है। मनुष्य से मनुष्य के प्रति नफरत की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। अनेकों बुराईयों की ओर मानव बढ़ता जा रहा है। यही सब कारण विश्व अशांति के हैं।

विश्व अशांति के उपरोक्त सम्पूर्ण कारण होते हुए भी आज मानव शांति की तलाश में भटक रहा है। विश्व में शांति कायम करने, व्यापक रूप से फैले हुए आतंकवाद को समाप्त करने, मानव मात्र को सुख, शांति, भाई चारे, प्रेम–भाव स्थापित करने में जैन धर्म के सिद्धान्त, जैन जीवन शैली बहुत सहायक हो सकती है। जैन धर्म के पालन हेतु जाति, सम्प्रदाय, देश आदि का प्रतिबन्ध नहीं है। जैन धर्म वैज्ञानिक धर्म है। जैन धर्म के सिद्धान्तों से विश्व की अनेकों बड़ी समस्याओं का अन्त हो सकता है। मेरी अपनी यह मान्यता है, और मेरी ही क्या सभी जैन धर्म के अनुयायियों की यह धारणा है कि यदि जैन धर्म के सिद्धान्तों की पालना, जैन जीवन शैली से रहना सभी देशों में रहने वाले व्यक्तियों द्वारा अपनाया जावे तो हमारे देश भारत वर्ष में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में अनेकों मुख्य समस्याओं का अन्त हो जावेगा। विचारों में अहिंसा, चिन्तन में अनेकान्त, वाणी में स्याद्वाद व समाज में अपरिग्रह वाद के द्वारा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

जैन धर्म के मुख्य सिद्धान्त में से निम्न तीन सिद्धान्तों की विवेचना की जा रही है–

1. अहिंसा, 2. अपरिग्रह, 3. अनेकान्तवाद

एक–एक सिद्धान्त की विस्तृत विवेचना से स्पष्ट है कि उनकी पालना करने से स्वतः ही विश्व में फैली हुई अशांति, विश्व शांति में परिवर्तित हो सकती है।

1. अहिंसा– जैन धर्म में अहिंसा का सिद्धान्त सर्वोपरि है। मनुष्य ही नहीं बल्कि प्राणी मात्र की हिंसा को भी जैन धर्म में महापाप की संज्ञा दी गई है। किसी प्राणी की हिंसा के बारे में सोचना भी हिंसा मानी गई है। वास्तविक हिंसा ही नहीं अपितु हिंसात्मक विचारों के मन में आने को भी जैनधर्म में हिंसा माना है। 'जियो और जीने दो' के सिद्धान्त को जैन धर्म में प्रमुखता दी गई है। विश्व में आज मानव–मानव का दुश्मन हो रहा है। मानव वध, हत्याऐं, पशुवध, मनुष्य के प्रति अन्य जघन्य अपराध बढ़ते जा रहे हैं। अनेकों जगह पर आतंकवाद चरम सीमा पर है जिसमें आये दिन निरअपराध बच्चों, स्त्रियों, पुरूषों की जघन्य तरीकों से वध किया जा रहा है। जिससे हमारा देश भरतवर्ष भी अछूता नहीं रहा है। बड़ा ही दुःख होता है, जब यह सोचते हैं कि ऋषि, मुनियों, धर्म में पूर्ण आस्था रखने वाले देश में भी यह सब कुछ हो रहा है, यह सब क्यों हो रहा है? यह सब कैसे समाप्त होगा? इस पर हम सभी को विचार करना होगा। इन सबकी समाप्ति का सब से अच्छा तरीका है, अहिंसा के महाव्रत का हम सब कठोरता से पालन करें। सम्पूर्ण जानव जाति अहिंसा के सिद्धान्त को ग्रहण करें तो अनेक देशों की आपसी दुश्मनी, तथा आतंकवाद की समाप्ति हो सकेगी।

2.अपरिग्रह– जैन धर्म में अपरिग्रह का महत्व है। आवश्यकतानुसार धन संग्रह अपरिग्रह का अर्थ है, मनुष्य को उतना ही धन संचय करना चाहिये जितना उसके जीवनयापन के लिए आवश्यक हो। किन्तु हमने आवश्यकताओं को व्यापक बना रखा है। यह तो हो सकता है कि प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताएँ अलग–अलग हो सकती है। किन्तु जैन धर्म यह कहता है कि संयमी एवं सादा जीवन के लिए जो आवश्यकताएँ जैसे मकान, बच्चों के लिए अच्छी एवं उच्च शिक्षा दिलाने के लिए, अच्छा सादगी पूर्ण खाना–पीना, दान–पुण्य आदि के लिए सद्उद्यम से कमाकर धन प्राप्त करना चाहिये। संसार का यदि प्रत्येक मनुष्य इसी प्रकार धन कमाये और जीवन यापन करें तो आज जो धन प्राप्ति की लालसा पैदा हो गई है वह समाप्त हो

सकती है। आज अवैध साधनों एवं तरीकों से विश्व और हमारे देश में धन प्राप्त करने की होड़ मनुष्य में लगी हुई है। हम सब जानते हैं, हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार पनप रहा है। चाहे सरकारी कार्यालय हो, न्यायालय हो, औद्योगिक क्षेत्र हो, चाहे बैंक हों, यहां तक की राजनीति क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार की जड़े गहरी हो चुकी हैं। ये सब क्यों हो रहा है? इसका एक ही कारण है। आज प्रत्येक व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा धन कमाकर धनाढ्य बनना चाहता है। चाहे धन कमाने का, साधन, तरीका कैसा भी हो। मनुष्य को मानसिक संतुष्टि बिल्कुल भी नहीं है। सभी की आज आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही है। प्रतिस्पर्धा पनप रही है। दूसरे के पास बंगला, फार्म हाउस, कार, सुख सुविधा के सभी आधुनिक साधन हैं तो मेरे पास भी यह सभी होना चाहिये। हम अपने से कम स्तर वाले व्यक्ति की ओर नहीं देखते। उसको देखकर अगर हम संतुष्ट हो जाये तो हमें मानसिक संतुष्टि मिल सकती है।

मैं यह कहने में बिल्कुल भी संकोच नहीं करूंगा कि आज जैन धर्म के मतावलम्बियों में परिग्रह की प्रवृत्ति ज्यादा पनपती जा रही है। हम जैन धर्म को मानने वाले भी अपरिग्रह की ज्यादा अवहेलना कर रहे हैं, जो हमारे लिये अच्छी बात नहीं है। अगर अपरिग्रह के सिद्धान्त की कठोरता से पालना की जावे तो आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार, धन प्राप्ति के अवैध व्यापार स्वतः ही समाप्त हो सकेंगे।

3.अनेकान्तवाद– एक दूसरे के धर्म को आदरपूर्वक समझने की भावना दूर होती जा रही है। अलग–अलग धर्मों की बात तो दूर, एक ही धर्मों और परम्पराओं को मानने वाले आपस में द्वेष व वैमनस्य रखते हैं। अनेकान्तवाद की जगह अपना ही वाद सर्वोच्च है, के सिद्धान्त ने स्थान ले लिया है। समाज में विघटन, तनाव व वैर–भाव बढ़ रहे है। धर्म, सम्प्रदाय, जाति व मजहब के नाम पर गली मोहल्लों में हमेशा साथ रहने वाले, एक दूसरे के दुःख दर्द में काम आने वा पड़ोसियों द्वारा पड़ोसी की हत्या तक की जा रही है। ऋषि मुनियों के देश भारत में यह सब देखकर बड़ा ही दुःख होता है। अगर अनेकान्तवाद के सिद्धान्त की पालना की जावे तो इस प्रकार की हिंसा, झगड़े, आदि स्वतः ही समाप्त हो सकते है। इस प्रकार जैन धर्म के उपरोक्त सिद्धान्तों, जैन जीवन शैली की कठोरता से पालना की जावे तो भारत व विश्व में शान्ति स्थापित हो सकेगी और जैन धर्म के सिद्धान्त विश्व शांति में सहायक हो सकेगें।

–श्रीचन्द जैन, *सहायक निदेशक अभियोजन (रिटा.)*
(पूर्व राष्ट्रीय महामन्त्री–अ.भा. पल्लीवाल जैन महासभा)
110, अशोक विहार विस्तार गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

प्रणाम क्रोध मिटाता है

महाभारत का युद्ध चल रहा था। एक दिन दर्योधन के व्यंग्य से आहत होकर भीष्म पितामह घोषणा कर देते हैं कि 'मैं कल पांडवों का वध कर दूंगा'। उनकी घोषणा का पता चलते ही पांडवों के शिविर में बेचैनी बढ़ गई। भीष्म की क्षमताओं के बारे में सभी को पता था। इसलिए सभी किसी अनिष्ट की आशंका से परेशान हो गए। तब श्रीकृष्ण ने द्रौपदी से कहा– 'अभी मेरे साथ चलो'। श्रीकृष्ण द्रौपदी को लेकर सीधे भीष्म पितामह के शिविर में पहुँच गए। शिविर के बाहर खड़े होकर उन्होंने द्रौपदी से कहा कि अन्दर जाकर पितामह को प्रणाम करो। द्रौपदी ने अन्दर जाकर पितामह भीष्म को प्रणाम किया तो उन्होंने 'अखंड सौभाग्यवती भवः' का आशीर्वाद दे दिया। फिर उन्होंने द्रौपदी से पूछा। वत्स, तुम इतनी रात में अकेली यहाँ कैसे आई हो, क्या तुमको श्रीकृष्ण यहाँ लेकर आये हैं? तब द्रौपदी ने कहा– 'हाँ और वे कक्ष के बाहर खड़े हैं।' तब भीष्म भी कक्ष के बाहर आ गए और दोनों ने एक–दूसरे को प्रणाम किया।

भीष्म ने कहा– 'मेरे एक वचन को मेरे ही दूसरे वचन से काट देने का काम श्रीकृष्ण ही कर सकते हैं।' शिविर से वापस लौटते समय श्रीकृष्ण ने द्रौपदी से कहा– 'तुम्हारे एक बार जाकर पितामह को प्रणाम करने से तुम्हारे पतियों को जीवनदान मिल गया है। अगर तुम प्रतिदिन भीष्म, धृतराष्ट्र, द्रोणाचार्य आदि को प्रणाम करती होती और दुर्योधन, दुःशासन, आदि की पत्नियाँ भी पाण्डवों को प्रणाम करती होती तो शायद इस युद्ध की नौबत ही न आती।'

इसका तात्पर्य यह है कि वर्तमान में हमारे घरों में जो इतनी समस्याएँ हैं उनका भी मूल कारण यही है कि 'जाने–अनजाने में अकसर घर के बड़ों की उपेक्षा हो जाती है। यदि घर के बच्चे और बहुएँ प्रतिदिन घर के सभी बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लें तो शायद किसी भी घर में कभी भी कोई क्लेश न हो। बड़ों के दिए आशीर्वाद कवच की तरह काम करते हैं। उनको कोई अस्त्र–शस्त्र नहीं भेद सकता।

निवेदन– प्रणाम हमारी संस्कृति है। सभी इस संस्कृति को सुनिश्चित कर नियमबद्ध करें तो घर स्वर्ग बन जाये।

क्योंकि– प्रणाम प्रेम है। प्रणाम अनुशासन है। प्रणाम शीतलता है। प्रणाम आदर सिखाता है। प्रणाम से सुविचार आते हैं। प्रणाम झुकना सिखाता है। प्रणाम क्रोध मिटाता है। प्रणाम आँसू धो देता है। प्रणाम अहंकार मिटाता है।

–भागचंद जैन
2/205, तुलेरा हाउसिंग बोर्ड, अलवर

शाखा समाचार

शाखा ग्वालियर

गौशाला पशु आहार दान

तीर्थंकर श्री महावीर के जन्मकल्याणक पर्व के उपलक्ष्य में ग्वालियर शाखा द्वारा गोले का मंदिर स्थित गौशाला में पशु आहार दान (2 क्विंटल हरा चारा) दिया गया। दोपहर 1 बजे से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री विवेक जैन तथा ग्वालियर शाखा के गणमान्य सदस्य एक साथ गौशाला पहुंचे। सभी ने मिलकर गौशाला के प्रबंधन समिति से वहाँ मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी ली। फिर स्वयं सभी ने अपने हाथों से वहां उपस्तिथ गायों को चारा खिलाया एवं पानी पिलाया। उसके बाद अहिंसा परमो धरम तथा भगवान महावीर के

जयघोष के साथ गौशाला के अंदर ही सांकेतिक रैली (चल यात्रा) निकाली। इस मौके पर ग्वालियर शाखा के श्री कमल जैन (काके), श्री गौरव जैन, श्री संजय जैन, श्री रवि जैन, श्री अविनाश जैन, श्री अखिल जैन, श्री दीपक जैन, श्री अंकित जैन उपस्थित थे। इस पुनीत कार्य में सहयोगी रहे सभी महानुभावों का शाखा बहुत आभार व्यक्त करती है।

मासिक णमोकार पाठ 18 अप्रैल को जूम से संपन्न हुआ

वो कहते हैं ना "The show must go on" चाहे कितनी भी परेशानी आए परन्तु परम्पराएँ रुकनी नहीं चाहिए। इसी का उदाहरण ग्वालियर शाखा के सभी लोगों में देखने को मिला। कोरोनाकाल में लॉकडाउन जैसी परिस्तिथि में भी समाज के परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से मासिक णमोकार पाठ का आयोजन ऑनलाइन जूम एप्प के माध्यम से संपन्न हुआ। 18 अप्रैल को शाम 8 बजे से 1 घंटे के इस आयोजन में सभी ने बहुत हर्षोल्लास - भक्तिमय णमोकार का पाठ किया। श्री कमल जैन (काके) परिवार द्वारा भजन भी गाया गया। अंत में श्री यतीन्द्र जी एवं राजकुमार जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सामूहिक णमोकार महामंत्र पाठ मे ऑनलाइन जुड़कर सभी सम्मानीय परिवारों का बहुत-बहुत धन्यवाद ।

विधवा सहायता

★ **श्रीमती विमला जी जैन एवं श्री पदम चन्द जी जैन** (खेरली वाले), अर्जुन नगर, महेश नगर, जयपुर ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4979)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन** एवं श्री पंकज जी जैन, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4969)*

★ **श्री द्वारका प्रसाद जी जैन एवं श्रीमती स्नेहलता जी जैन,** 5/148, सोंठ की मण्डी, आगरा ने अपने विवाह की 50वीं वर्षगांठ (दि. 28 फरवरी) के उपलक्ष्य में विधवा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4972)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन** एवं श्री पंकज जी जैन, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4973)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन** एवं श्री पंकज जी जैन, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4974)*

★ **श्री राहुल जी जैन** पुत्र श्री जनेश्वर दास जी जैन, 5174, बसंत रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली ने अपनी पूजनीय माताजी स्व. श्रीमती चन्द्ररेखा जी जैन धर्मपत्नी श्री जनेश्वर दास जी जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 1,100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4975)*

★ **श्री तन्मय कुमार जी जैन**, 69, स्कीम नं. 8 विस्तार, अलवर ने अपने पूजनीय पिताजी स्व. श्री महेश चन्द जी जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द जी जैन (परवैणी वाले) की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4976)*

★ **श्री महेन्द्र कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री मदन लाल जी जैन (संगठन मंत्री, अ.भा.प. जैन महासभा) 39, रेलवे हाउसिंग सोसायटी, माला रोड, कोटा जंक्शन ने विधवा सहायता हेतु रु. 12,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4977)*

★ **श्री अखलेश जी कोटिया,** कलकत्ता ने अपने पूज्य पिताजी स्व. श्री ज्ञानचन्द जी कोटिया एवं पूज्य माताजी स्व. श्रीमती पुष्पा जी कोटिया की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 24,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4981)*

★ **श्री राजेन्द्र जी जैन एवं रविन्द्र जी जैन,** 46-एसबीबीजे ऑफिसर्स कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती प्रेमवती जी जैन के देवलोकगमन पर उनकी पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4989)*

★ **श्री शिखर चन्द प्रकाश चन्द जी जैन,** 88 चेतन कॉलोनी, अलवर ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती चन्द्रकला जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री चतुर्भुज जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 19.05.2021) में विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4982)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन** एवं श्री पंकज जी जैन, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4984)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन** एवं श्री पंकज जी जैन, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4985)*

पत्रिका सदस्यता

3119. Sh. Santosh Kumar Ji Jain, Plot No. 6, Kailashpuri, Kanta Chauraha, Jhotwara Kalwar Road, Near Shine Pan Bhandar Wali Gali, Jhotwara, Jaipur-302012, Mob.: 6375727021 *(CR D-2553)*

3120. Sh. Anil Kumar Ji Jain, Sarvottam Complex, Behind Vaishali Apartment, Manuwa Kheda Road, Heeranmagri, Sector 4, Udaipur-313002, Mob.: 9462191766 *(CR D-2556)*

3121. Sh. Yatendra Kumar Ji Jain, House No. 1, Parasnath Colony, Near Asopa Hospital, Gailana Road, Post Sikandra, Dist. Agra-282007, Mob.: 9719017289 *(CR D-2557)*

महासभा सहायता

★ **श्रीमती त्रिशला जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री फतेहचन्द जी जैन (दयाचन्द जैन) (हरसाना वाले), 5/52, एनईबी हाउसिंग बोर्ड, अलवर ने अपने सुपुत्र चि. राहुल जैन संग सौ.कां. जया जैन सुपुत्री श्रीमती माया जैन एवं श्री जगदीश प्रसाद जैन (नांगल सहाड़ी) के शुभ विवाहोपलक्ष पर महासभा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4978)*

★ **श्रीमती शोभा देवी जी जैन** ने अपने पति एवं **श्री वीरेन्द्र कुमार जी जैन व अनिल कुमार जी जैन** निवासी 2क28 हिरणमगरी, सेक्टर 5, उदयपुर ने अपने पूज्य पिताजी श्री विमल चन्द्र पल्लीवाल (जैन) के दिनांक 27.4.2021 को देवलोक गमन पर उनकी स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 1,001/- सप्रेम भेंट किये। *(र.स. 4911)*

★ **श्री राजेन्द्र जी जैन एवं रविन्द्र जी जैन,** 46-एसबीबीजे ऑफिसर्स कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती प्रेमवती जी जैन के देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4990)*

★ **श्रीमती सन्तोष जी जैन,** गोविन्द नगर, आमेर रोड, जयपुर ने अपने पति श्री भुवनेश कुमार जी जैन पुत्र स्व. श्री सुमेर चन्द्र जी जैन के दिनांक 16.05.2021 को देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4912)*

★ **श्री आकाश कुमार विकास कुमार जी जैन,** नौगावां, अलवर ने अपने पूज्य पिताजी स्व. श्री पदम चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 1101/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4980)*

★ **श्री शिखर चन्द प्रकाश चन्द जी जैन,** 88 चेतन कॉलोनी, अलवर ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती चन्द्रकला जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री चतुर्भुज जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 19.05.2021) में महासभा सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4983)*

★ **श्री दीपक कुमार जी जैन, राकेश कुमार जी जैन,** नौगावां ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती शान्ती देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4986)*

★ **श्री प्रकाश चन्द जी अशोक कुमार जैन,** मण्डावर ने स्व. श्रीमती माया देवी जी जैन धर्मपत्नी श्री प्रकाश चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 28.05.2021) में महासभा सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4988)*

पल्लीवाल जैन परिवार के बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग

कोरोना महामारी के चलते कोई अपना रोजगार गवां चुके तो कोई अपने परिवार के सदस्य को खो चुके हैं। ऐसे में हम सब प्रभु की लीला के आगे नतमस्तक हैं, इस महामारी के चलते समाज में कई परिवारों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होती चली गई है।

पल्लीवाल जैन समाज की सर्वोच्च संस्था श्री अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा अलवर अपने समाज के सम्मानीय दानदाता भामाशाहों के सहयोग से बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। इस विकट परिस्थितियों में संस्था का एक ही उद्देश्य है कि हमारे अपने सदस्यों की हर सम्भव सहायता करना। समाज के सम्मानीय परिवार जो इस महामारी के कारण आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके हैं वे अपने बच्चों की स्कूल फीस देने व किताबों को ख़रीदने में अब संकोच ना करें, क्योकि आपकी ये संस्था हमेशा आपके साथ है और साथ रहेगी। इसके लिए सत्र 2021–22 के छात्रों के परिजन या स्वयं बच्चे अपनी स्कूल फीस की रसीद व बुक्स की डिटेल हमें उपलब्ध करा देवें, जिससे कि आपकी फीस व बुक्स उपलब्ध करा सकें, संस्था का एक ही उद्देश्य है कि अपने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह का व्यवधान नहीं हो तथा अपनी पढ़ाई को हंसी–खुशी से निरंतर करता रहे। ऐसी हम भावना भाते हैं।

डिटेल जमा कराने का स्थान :–

श्री राज राजेन्द्र गृह आपूर्ति केंद्र

जैन मंदिर के पास, शिवाजी पार्क (प्रचार मंत्री सतीश जैन)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :–

9414331134

बच्चों की पढ़ाई हेतु सहायतार्थ जो भी सम्मानीय भामाशाह सहयोग करना चाहें, वे संस्था के A/C 00130001006674 04, IFS Code PUNB0297500 में सहयोग राशि प्रदान कर सकते हैं।

वी.के. जैन	**राकेश जैन**	**कुलदीप जैन**
अध्यक्ष	*व.उपाध्यक्ष*	*व.उपाध्यक्ष*
नरेंद्र जैन	**रूपेश जैन**	**घनश्याम जैन**
मंत्री	*अर्थमंत्री*	*भवन संयोजक*

एवं समस्त मयकार्यकारिणी

श्री अ.भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा अलवर

परिचय :- श्रवणी आर्यिका विध्वांत श्री माताजी
-: लौकिक यात्रा :-

पूर्व का नाम - कुमारी रेणु जैन
पिता - श्री पदम चन्द जैन
माता - श्रीमती राजुल जैन
जन्म स्थान - 4-एच-5, दादाबाड़ी विस्तार योजना, कोटा (राजस्थान)
जन्म दिनांक - 16 जून 1983
शिक्षा - एम.ए., पी.जी.डी.सी.ए., एम.एस.सी., (कम्प्यूटर साइंस)
भ्राता - दो (अग्रज- अजीत जैन, अनुज- सुमित जैन)
भाभी - दो (श्रीमती लक्ष्मी जैन एवं श्रीमती अंजु जैन)
बहन - एक (बड़ी ज्योति जैन)
विवाह - बाल ब्रह्मचारणी
समाज सेवा - श्री जैन पाठशाला, नसियाँ जी कोटा में बच्चों को अध्यापनकार्य, साधु एवं आर्यिकाओं के चौके में अहारचार्य सम्पन्न करना आदि।
रूचि - अध्ययन, धार्मिक तीर्थ स्थलों की यात्रा, वंदना करना, उपवास करना (वर्ष 2007 में सोलहकारण जी के 16 उपवास तथा वर्ष 2008 में पंच मैरूजी के 5 उपवास की साधना की भक्ति-नृत्य आदि)

परमार्थ यात्रा-

कुमारी रेणु जैन बहुत ही मेधावी बालिका थीं। बचपन से ही धर्म में बहुत आस्था रखती थीं। बाल्यकाल में ही श्री जैन पाठशाला नसियाँजी दादाबाड़ी कोटा में जाना शुरू कर दिया। श्री जैन पाठशाला में ब्र. अर्चना दीदी व मंजू दीदी का सानिध्य मिला तथा धार्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित हुई। नसियाँ जी जैन मंदिर कोटा में अनेक साधु संत/आर्यिका माताओं के चर्तुमास में धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना, शिविरों में भाग लेना, अहार चरिया में भाग लेना बहुत ही रूचि रही है।

त्याग के संस्कार-

बचपन से ही श्री जैन पाठशाला के संस्कारों से रात्रि भोजन का त्याग लिया। गणिनी आर्यिका पूर्वमती माताजी के वर्ष 2004 में चर्तुमास के दौरान दसलक्षण पर्व में शिविर में भाग लिया तथा अभक्ष्य वस्तुओं का आजीवन त्याग किया।

ब्रह्मचार्य व्रत-

श्री नसियाँजी जैन मंदिर, दादाबाड़ी कोटा में आचार्य विमर्श सागर जी महाराज वर्षा योग 2006 में आजीवन ब्रह्मचार्य व्रत ग्रहण किया। अक्टूबर वर्ष 2008 में गृह त्याग का आचार्य विमर्श सागर जी महाराज के आगरा चर्तुमास में उनके संघ में शामिल होकर तप त्याग तपस्या एवं जीवन के कल्याण मार्ग की ओर चल पड़ी।

आर्यिका दीक्षा-

दिनांक 06 नवम्बर 2014 को जैन मंदिर वड़ौत जिला वागपत (उत्तर प्रदेश) में आचार्य विमर्श सागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा ग्रहण की आर्यिका विध्वांत श्री नाम पाया तक अपना जीवन धन्य किया। आचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज के संघस्थ रहकर विभिन्न नगरों में एवं वर्ष 2021 में बाराबंकी (उ.प्रदेश) में चतुर्मास कर धर्म प्रभावना कर रही हैं।

-पदम चन्द जैन
4-एच-5, दादाबाड़ी विस्तार योजना, कोटा

पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति
सी-22, दांतिया हाऊस, इन्द्रपुरी, लालकोठी, जयपुर, फोन: 0141-2742467

सूचना

पल्लीवाल जैन छात्रावास, जगतपुरा, जयपुर में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों से आवेदन आमंत्रित हैं। वे छात्र जो सीनियर सैकण्डरी परीक्षा पास कर चुके हैं तथा जयुर में स्थित किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में अध्ययन करना चाहते हैं वे छात्रावास में प्रवेश के पात्र हैं।

फिलहाल केवल पल्लीवाल जैन छात्रों को प्रवेश देना सम्भव होगा। छात्रावास का नया भवन निर्माणाधीन है, पूर्ण होने पर किसी भी जैन छात्र को प्रवेश दिया जा सकेगा।

सम्पर्क सूत्र :

श्री अशोक कुमार जैन 9414047784
श्री अनिल कुमार जैन 9414001041

जयपुर में 'बड़े पल्लीवाल भवन' के सपने का हश्र एक नजर में

श्रीमान् श्रीचन्द जी जैन, भूतपूर्व महामन्त्री अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा एवं भूतपूर्व मंत्री महासभा शाखा जयपुर के द्वारा श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका के फरवरी एवं अप्रेल 2021 के अंकों में लेखों के माध्यम से पल्लीवाल जैन समाज के असहाय वृद्धों के लिए एक वृद्धाश्रम की आवश्यकता महसूस की गयी, आज के परिपेक्ष्य में यह सामाजिक कार्य बहुत ही आवश्यक हो गया है, इससे मैं भी सहमत हूँ। इन भावनाओं से प्रेरित होकर मैंने भी इस विषय पर लिखने का निर्णय लिया।

इन लेखों के माध्यम से उन्होंने पल्लीवाल समाज के सम्मानित वृद्धजनों की समस्याओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है। यह बात सही है तथा देखा भी जा रहा है कि कुछ परिवारों में वृद्धजनों की देखभाल के लिए जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है या परिवार के प्रमुख सदस्य जिम्मेदारी से बचते हैं या नौकरी में दूर-दराज, देश-विदेश में रहने के कारण उनकी सेवा नहीं हो पा रही है, हालांकि इसमें आर्थिक सक्षम व कमजोर परिवार दोनों ही है। वृद्धावस्था में बुजुर्गों को रोजाना की समस्याऐं खाने-पीने, लैट-बाथ, दवाई की व्यवस्था, डॉक्टर से उपचार करवाने जैसी अनेक समस्या से जूझना पड़ता है।

इस मुददे पर समाज की संस्थाओं को आगे आना चाहिए तथा इसका समाधान निकालना चाहिए। जिससे समाज के असहाय वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा व समुचित देखभाल प्राप्त हो सके। आज पल्लीवाल समाज बहुत सक्षम स्थिति में है, यह जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा सकता है बशर्ते कि कोई समाज की संस्था जिम्मेदारी ले व वृद्धाश्रम की विस्तृत रूपरेखा का ठोस प्रस्ताव समाज के सामने प्रस्तुत करे तो यह कार्य असम्भव नहीं है।

आदरणीय श्री श्रीचन्द जी ने लेखों में यह बताया है कि उन्होंने विभिन्न मंचों से व पल्लीवाल महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी में वृद्धाश्रम का प्रस्ताव कई बार रखा लेकिन कुछ सदस्यों की नकारात्मक सोच के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका उनकी यह टीस आज भी उनके विचारों में नजर आ रही है।

मैने कार्यकारिणी की मीटिंगों के प्रस्ताव पल्लीवाल जैन पत्रिका के माध्यम से पढ़े हैं, परन्तु मैंने कोई ठोस प्रस्ताव महासभा की किसी कार्यकारिणी बैठक में किसी के द्वारा कभी प्रस्तुत किया गया हो, मैंने नहीं पढ़ा। इस तरह के प्रस्ताव केवल सामान्य चर्चा से आगे नहीं बढ़ पाते हैं, इसके लिए समाज के प्रतिनिधियों/पदाधिकारियों को कोई ठोस योजना का प्रस्ताव (प्रोजेक्ट) लाना चाहिए जिस पर कार्यकारिणी/समाज कुछ निर्णय ले सके तथा प्रस्ताव बहस सुझावों के अनुसार उचित परिवर्तन के साथ आगे बढ़ सके। ऐसा भी नहीं देखा गया है कि कोई ठोस प्रस्ताव महासभा की शाखाओं के सामने कभी प्रस्तुत किया गया हो जिसमें भूखण्ड की निःशुल्क व्यवस्था के लिये कहा गया हो। समाज में ऐसा देखा गया है कि यदि किसी मंदिर/ धर्मशाला/स्कूल/होस्टल के लिए विकसित भूखण्ड किसी भामाशाह से या संस्था से दान स्वरूप मिल जाता है तो उस पर भवन निर्माण के लिये समाज आगे आ जाता है और वह प्रोजेक्ट धीरे-धीरे पूर्ण हो ही जाता है।

इसी क्रम में कहना चाहता हूँ कि महासभा की जयपुर शाखा की पूर्व कार्यकारिणी द्वारा 4 वर्ष पहले निःशुल्क भूखण्ड का सपना सजोकर एक बिल्डर मै. रॉयल जैन सिटी वाटिका जयपुर से एक व्यापारिक अनुबन्ध (MOU) दिनांक 19.04.2017 को किया था। जिसमें इस कॉलोनी में 25,000 वर्ग गज के विकसित भूखण्ड (जेडीए से पट्टे स्वीकृत कराकर) पल्लीवाल समाज के बंधुओं को बिकवाने पर 6,000 वर्ग गज का विकसित भूखण्ड (जेडीए पट्टा उसी कॉलोनी में) कॉलोनाइजर निःशुल्क इस डील की एवज में देगा। बाद में अनुबन्ध बढ़ाकर दो संशोधित पार्ट अनुबन्ध दिनांक 13.01.2018 एवं 21.02.2018 को किये गये जिसके अनुसार यदि पल्लीवाल महासभा शाखा जयपुर कम भूखण्ड बिकवाती है तो उसी अनुपात में कम विकसित भूखण्ड जयपुर महासभा शाखा को बिल्डर द्वारा उन्ही शर्तों पर दिया जायेगा। साथ में उस भूखण्ड की बाउण्ड्रीवाल, नलकूप तथा पट्टे की रजिस्ट्री आदि सभी खर्चे कॉलोनाइजर वहन करेगा। हर कार्य को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी श्री पारस जैन (खेरली वाले) मंत्री शाखा ने ली तथा स्वयं को संयोजक बनाने का प्रस्ताव भी रखा जिसे कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से पास कर श्री पारस जैन को यह जिम्मेदारी दे दी। श्री पारस जैन द्वारा अपनी पसन्द की भूमि समिति मनोनीत कर यह कार्य बड़े जोर-शोर से शुरू किया। इस समिति ने केवल मुझे समाज की तरफ से सर्वसम्मत सदस्य नामित करवाया गया था।

इस अनुबन्ध के प्रथम पक्ष की शर्तों के अनुसार द्वितीय पक्ष अर्थात संयोजक भूमि समिति द्वारा कॉलोनाइजर के 12,500 वर्ग गज भूमि के करीब 115 प्लॉट बिकवाकर करीब 8 करोड़ रूपये का व्यापार करा दिया लेकिन बदले में अनबन्ध की की दूसरे पक्ष की शर्तों के अनुसार प्रथम पक्ष अर्थात बिल्डर को विक्रय भूमि के अनुपात में करीब 3,000 वर्ग गज जमीन का विकसित भूखण्ड (जेडीए पट्टा) जयपुर महासभा शाखा को नहीं दिलवाया जो कि

MOU की शर्तों का सरासर उल्लंघन था। वर्तमान जयपुर शाखा के संयोजक पर लगातार दबाव बनाने पर डील पूर्ण होने के डेढ़ वर्ष (18 माह) बाद 4,000 वर्ग गज का अविकसित भूखण्ड (कृषि भूमि) इस कॉलोनी के नजदीक 30 फुट रोड़ पर दिलवा दिया जबकि रॉयल जैन सिटी स्कीम में दिलवाना था। नियमानुसार जेडीए पट्टे पर ही भवन बन सकता है तथा कोई भी प्लॉट होल्डर कृषि भूखण्ड का अकेले भविष्य में जेडीए पट्टे में परिवर्तित नहीं करा सकता है। भविष्य में इस कृषि भूमि की निगरानी में चौकीदार आदि का खर्चा और वहन करना पड़ेगा तथा इस तरह इसके कब्जे की सुरक्षा कौन करेगा। गिफ्ट में मिलने के कारण इसे बेचकर दूसरा प्लाट भी नहीं लिया जा सकता है। निश्चित ही इसमें कुछ कानूनन पेच निकलेगा। जिसके कारण ऐसा अनुबन्ध विरुद्ध कार्य किया गया। यह तो रजिस्ट्री के कागजों की जाँच के बाद ही पता चलेगा। इस वित्तीय अनियमितता का ऑडिट समाज द्वारा अति आवश्यक है जिससे की इस प्रकार की सही स्थिति समाज के सामने आ सकती है।

पूर्व मंत्री व संयोजक भूमि समिति श्री पारस जैन ने श्री पल्लीवाल पत्रिका के माध्यम से पूरे-पूरे पेज के कलर विज्ञापन देकर तथा पूरे समाज के कार्यरत WhatsApp ग्रुपों पर इस डील का प्रचार प्रसार किया तथा बताया गया कि इस भूखण्ड पर जयपुर समाज का बड़े पल्लीवाल भवन का सपना पूरा हो जायेगा। लेकिन इस MOU का समाज के प्लेटफॉर्म पर कैसा हश्र हुआ समाज इस पर चिन्तन करें। समाज को इस मामले में करीब 2 करोड़ रु. की चपत लगी और बड़े पल्लीवाल भवन अर्थात वृद्धाश्रम, स्कूल आदि का सपना चूर-चूर हो गया। मैंने यह मामला संयोजक को पत्र लिखकर तथा प्रतिलिपी जयपुर समाज के सम्मानित करीब 40 प्रमुख प्रतिनिधियों (महासभा के पूर्व मंत्री, महामंत्री, अध्यक्ष, शाखा अध्यक्ष एवं भूमि समिति सदस्यों आदि) को निवेदन के साथ प्रेषित की जिसमें श्री श्रीचन्द जैन को भी भेजी थी कि इस मामले में व्यक्तिगत रूचि लें अन्यथा 'बड़े पल्लीवाल भवन' का सपना अधूरा ही रह जायेगा व जेडीए पट्टे वाला भूखण्ड नहीं मिलेगा तथा महासभा की जयपुर शाखा को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान व उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा लेकिन अफसोस है कि प्रबुद्ध प्रतिनिधियों की सक्रियता व जागरूकता के अभाव में यह मामला मृतप्रायः हो गया और कॉलोनाइजर ने कृषि भूमि दे दी जिसकी शर्तें भी आज तक किसी को नहीं पता है। इसकी रजिस्ट्री का विवरण अभी तक जयपुर समाज को एक-डेढ़ वर्ष व्यतीत होने के बावजूद वर्तमान कार्यकारिणी ने सार्वजनिक नहीं किया है। समाज में इससे बड़ा दुःस्साहस शायद ही कहीं देखने को मिले कि सन् 2018 में पल्लीवाल समाज की जयपुर शाखा द्वारा छपवाई गई टेलीफोन डायरेक्ट्री में बिल्डर से 4,000 वर्ग गज का पट्टा लेते हुए ग्रुपफोटो छापा गया तथा संयोजक भूमि समिति व मंत्री श्री पारस जैन ने अपने लेख में 4,000 वर्ग गज का रॉयल जैन सिटी में पट्टा मिलने की भ्रामक जानकारी दी। इसके लिए दिनांक 19.02.2018 में आर-1 प्लाट का पजेसन लेटर जारी करवा दिया गया, जबकि आर-1 नाम से कोई प्लाट रॉयल जैन सिटी के नक्शे में है ही नहीं। 2020 में वर्तमान कार्यकारिणी के समक्ष भूखण्ड की रजिस्ट्री कराई गयी इस विरोधाभाषी पट्टों की हकीकत सोसियल ऑडिट के बाद ही पता लग सकती है। यह कैसी समाज सेवा, इस पर सम्मानित समाज मन्थन करें।

एक ईमानदार प्रयास के साथ सन् 2013 में प्रारम्भ की गई समाज की एक और रजिस्टर्ड संस्था पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति का विवरण प्रस्तुत करना चाहूँगा। इस संस्था के प्रमुख तीन शिल्पकारों आदरणीय श्री आर.सी. जैन, सेनि. आई.ए.एस., श्री ओमप्रकाश जैन, एडवोकेट दांतिया वाले एवं श्री अशोक कुमार जैन भूतपूर्व महामंत्री महासभा ने इस संस्था का ठोस प्रस्ताव बनाकर 11 संस्थापक सदस्यों के एक-एक लाख रुपये सदस्यता शुल्क से यह संस्था पंजीकृत करायी तथा आदरणीय श्री ओमप्रकाश जैन ने भामाशाह की भूमिका निभाकर 200 वर्ग गज भूखण्ड दान स्वरूप हॉस्टल निर्माण के लिए दिया तथा आदरणीय श्री आर.सी. जैन ने शिक्षा समिति के सभी संस्थापक सदस्यों को साथ लेकर एक ठोस प्रोजेक्ट व योजना बनाकर समाज के सामने रखी, आज उसी का परिणाम है कि समाज के दानदाताओं के विश्वास व प्रबल समर्थन से करीब 400 वर्गगज में 12,500 वर्ग फुट आच्छादित क्षेत्रफल का एक पाँच मंजिला भव्य भवन (स्कूल व हॉस्टल) बन चुका है तथा समाज को शीघ्र समर्पित करने की तैयारी चल रही है।

इसी तरह बड़े पल्लीवाल भवन अर्थात वृद्धाश्रम आदि योजनाओं के लिए बिल्डर से दिये गये अनुबन्ध पर समाज के सम्मानित प्रतिनिधि व सम्मानित जयपुर समाज प्रहरी की तरह सक्रिय तथा सजग रहते तो सामाजिक संस्था अर्थात जयपुर शाखा में यह दुर्घटना नहीं होती तथा ऐसी योजनाओं का हश्र नहीं होता।

मैंने यह कथन प्राप्त दस्तावेजों व भूमि समिति का सदस्य होने के कारण उपलब्ध जानकारी के आधार पर निष्पक्षता से लिखने का प्रयास किया है। किसी व्यक्ति विशेष को लक्ष्य बनाकर नहीं, यदि किसी समाज बन्धु को कटु लगे तो क्षमा प्रार्थी हूँ।

-अनिल कुमार जैन, 'BSNL'
191/08, प्रताप नगर, जयपुर
(लेखक के समाज हित में निजी विचार)

पत्रिका सहायता

★ **श्री राजेन्द्र कुमार जी एवं माया जी जैन,** 111-कंचन विहार अपार्टमेन्ट, कंचन बाग, साउथ तुकोगंज, इन्दौर ने अपने सुपुत्र चि. यश संग सौ.कां. साक्षी के शुभ विवाहोपलक्ष में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-1856)*

★ **श्री राहुल जी जैन,** बसंत रोड, दिल्ली ने अपनी माताजी श्रीमती चन्द्रलता जी जैन के स्वर्गवास पर उनकी स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2527)*

★ **श्री तन्मय कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री महेश चन्द जी जैन, 69, स्कीम नं. 8 (विस्तार) अलवर ने अपने पूज्य पिताजी श्री महेश चन्द जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द जैन (परवैणी वाले) की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/-सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2507)*

★ **श्री देवेन्द्र जी जैन, पुष्पेन्द्र जी जैन एवं संजय जी जैन,** सिद्धार्थ नगर, जयपुर ने अपनी माताजी श्रीमती कौशल्या देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री मिट्ठनलाल जी जैन के देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2558)*

★ **श्री अखलेश जी कोटिया,** कलकत्ता ने अपने पूज्य पिताजी स्व. श्री ज्ञानचन्द जी कोटिया एवं पूज्य माताजी स्व. श्रीमती पुष्पा जी कोटिया की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 2200/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2508)*

★ **श्रीमती सन्तोष जी जैन,** गोविन्द नगर, आमेर रोड, जयपुर ने अपने पति श्री भुवनेश कुमार जी जैन पुत्र स्व. श्री सुमेर चन्द्र जी जैन के दिनांक 16.05.2021 को देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2562)*

★ **श्री दीपक कुमार जी जैन, राकेश कुमार जी जैन,** नौगावां ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती शान्ती देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4987)*

★ **श्री राजेन्द्र जी जैन एवं रविन्द्र जी जैन,** 46-एसबीबीजे ऑफिसर्स कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती प्रेमवती जी जैन के देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2530)*

★ **श्री सुनील कुमार जी जैन** एवं उनके परिवार ने श्री योगेश जी जैन पुत्र स्व. श्री नेमचन्द जी जैन, निवासी डब्ल्यू जेड 650, पालम गांव, नई दिल्ली के दिनांक 02.05.2021 को देवलोक गमन पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2533)*

★ **श्री सुशील जी जैन एवं मीनू जी जैन** ने अपनी सुपुत्री तनिशा के दिनांक 08.05.2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के उपलक्ष्य में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2534)*

आ जाओ महावीर
त्राहि त्राहि मची हुई है,
कैसे धरे अब धीर।
करुणा के दातार कहाँ हो,
आ जाओ महावीर

दुख के बादल टूट पड़े हैं,
रात अंधेरी छायी है।
गली, मोहल्ले, शहर हैं सूने,
लहर तूफानी आयी है।

बन आशा की किरणें तुम,
अवतरित हो जाओ वीर।
करुणा के दातार कहाँ हो,
आ जाओ महावीर।

लाशों के अब ढेर लग रहे,
भरते जा रहे हैं श्मशान।
मानव तुम्हें पुकार रहा,
करता है आह्वान।

महामारी से मुक्त करो अब,
हर लो जगत की पीर।
करुणा के दातार कहाँ हो,
आ जाओ महावीर।

जियो और जीने दो का,
संदेश तुम्ही से पाया है।
लेकिन इस दानव ने,
हा हा कार मचाया है।

अवनि अम्बर सिसक रहे हैं
बरस रहे हैं अश्रु नीर।
करुणा के दातार कहाँ हो
आ जाओ महावीर।

-सुनीता जैन 'सुनीति'
व्याख्याता, भरतपुर

एक ज्ञानवर्धक एवं शिक्षाप्रद कथा

स्वर्ण का मोह

एक समय की बात थी। स्वर्णागीरी नामक नगर में एक स्वर्णप्रेमी राजा राज करता था। राजा का स्वर्ण के प्रति इतना अधिक मोह था कि उसने राज्य की बहुमूल्य वस्तुएं बेच-बेच कर राजकोष में सोना ही सोना इकठ्ठा कर लिया था। राजा का मंत्री बड़ा ही बुद्धिमान था। वह जानता था कि स्वर्ण बहुमूल्य जरुर है लेकिन राजकोष में धन-धान्य आदि दैनिक उपयोग की वस्तुएँ स्वर्ण से भी अधिक महत्वपूर्ण हैं। किन्तु जब भी मंत्री अपनी यह बात राजा को समझाता, राजा उल्टा मंत्री को सुना देता था। इस बात से मंत्री दुखी और उदास रहने लगा।

एक दिन रात्रि में मंत्री ने सपना देखा कि राज्य में चारों ओर सोना ही सोना है, लेकिन लोग भूख से मर रहे हैं। एकाएक मंत्री की आंखे खुल गई उसने फिर से सोने की कोशिश की किन्तु वह करवटे ही बदलता रह गया, लेकिन उसे नींद नहीं आई। सुबह जब मंत्री की पत्नी ने मंत्री महोदय को उदास और दुखी देखा तो कारण पूछने लगी। पहले तो मंत्री ने मना किया लेकिन जब वह जिद करने लगी तो रात्रि के सपने का हाल और महाराज के स्वर्ण के प्रति मोह के बारे में उसने बताया। यह सब सुनकर वह बोली- 'इतनी सी बात को लेकर इतने दिन से परेशान हो, आपके महाराज के स्वर्ण का भूत मैं एक दिन में उतार सकती हूँ।'

यह सुनकर मंत्री बड़ा खुश हुआ और पूछा- 'कैसे?'

तब वह बोली- 'उन्हें इच्छानुसार सोने की प्राप्ति करवाकर।'

मंत्री बोला- 'मैं कुछ समझा नहीं।'

तब वह बोली- 'आप तो महाराज को शिकार खेलने के लिए जंगल ले जाइये, बाकि सब आपको स्वतः समझ आ जायेगा।'

मंत्री अपनी पत्नी का सम्मान करता था और विश्वास भी, अतः उसने सोचा कि यदि यह बोल रही है तो जरुर कोई खास बात होगी। राजमहल जाकर उसने राजा से शिकार पर चलने का आग्रह किया। राजा भी अलमस्त तुरंत मान गया। राजा और मंत्री दोनों शिकार पर निकले, लेकिन उन्हें शिकार करने के लिए कोई जानवर नहीं मिला। भटकते-भटकते वह बहुत दूर निकल गये। तभी राजा को प्यास लगी। दोनों शिकार का विचार छोड़कर पानी की तलाश करने लगे। तभी अचानक उन्हें एक लकड़ियों के गट्ठर के पास बैठा एक बूढ़ा साधू दिखाई दिया। गट्ठर इतना बड़ा था कि वह बूढ़ा उसे उठा नहीं सकता था लेकिन फिर भी उसके पास बैठा था।

राजा ने कहा- 'बाबा! आप यहाँ अकेले इस गट्ठर के पास क्यों बैठे हैं ? क्या यह आपका है ?'

साधू बोला- 'सुबह से मैं किसी की प्रतीक्षा कर रहा हूँ कि कोई यह गठ्ठर मेरी कुटिया तक रखवा दे।'

राजा ने सोचा कि इस साधू की कुटिया में जरुर पीने का पानी होगा। अतः राजा और मंत्री दोनों ने साधू का लकड़ियों का गठ्ठर उठाया और बोले- 'चलिए बाबा! आपका गठ्ठर हम रखवा देते है।'

कुटिया में घुसते ही राजा ने पीने का पानी माँगा। साधू ने पीने का पानी दिया और बोला- 'हे राजा! तूने मेरी मदद की, इसलिए तू जो चाहे सो वरदान मांग ले।'

राजा के दिमाग में दिनरात सोना ही घूमता था। अतः सहज ही उसके मुंह से निकल गया कि.. 'मुझे ऐसा वरदान दीजिये कि मैं जिस वस्तु को स्पर्श करूँ वो सोने की हो जाये।'

साधू ने एक बार और पूछा- 'क्या तुम सच में ऐसा वरदान चाहते हो ?'

राजा बोला- 'हाँ ! महाराज! मैं ऐसा ही वरदान चाहता हूँ।'

साधू ने कहा- 'तथास्तु! सुबह सूर्य की पहली किरण के साथ तुम जिस किसी को भी स्पर्श करोगे, वो सोने का हो जायेगा।'

राजा बहुत खुश हुआ। प्रत्येक वस्तु को सोना बनाने के उत्साह में पूरी रात उसे नींद नहीं आई। लेकिन मंत्री अब भी दुविधा में था, अब तो महाराज के पागल होने में कोई संदेह नहीं। ऐसा सोचकर वह अपनी पत्नी पर मन ही मन गुस्सा हो रहा था। इधर प्रातःकाल राजा ने सूर्य की पहली किरण के साथ अपने पलंग का स्पर्श किया तो वह पूरा सोने का हो गया। राजा बहुत खुश हुआ। वह दौड़-दौड़ कर पूरे महल की दीवारों को सोने की बनाने लगा। महल सोने से चमकने लगा। तभी राजा को अपनी नन्हीं राजकुमारी दिखी। खुशी के मारे राजा उसे बाहों में भर लिया लेकिन देखते ही देखते वह सोने की मूर्ति में तब्दील हो

गई। अपनी हंसती खेलती गुड़िया राजा के हाथों में सोने की गुड़िया बनकर रह गई। यह देखकर राजा के होश उड़ गये। इतने में सामने से महारानी आ गई। उसने भी अपनी बेटी को सोने की मूर्ति बनते देखा तो जोर-जोर से रोने लगी। राजा ने उसे सांत्वना देने के लिए जैसे उसके सिर पर हाथ रखा। वो भी सोने की मूर्ति बन गई। राजा फूट-फूट कर रोने लगा। इतने में मंत्री महोदय भी वहाँ आ गये। राजा को दुःख और विषाद में डूबा और राजकुमारी और महारानी को सोने की मूर्तियाँ देखकर सारा मांजरा समझ गया।

उसने महाराज को समझाया कि 'महाराज! देख लिया अपने स्वर्ण के प्रति मोह का नतीजा, आप पूरी दुनिया को सोने का बना सकते हैं लेकिन सोने की दुनिया आपको खुशी नहीं दे सकती। जीवन में सभी चीजों का अपना-अपना महत्त्व है।

तब राजा बोला- 'महामंत्री ! मैं अब अपने जीवन में स्वर्ण को देखूंगा भी नहीं, लेकिन पहले मुझे इस श्राप रूपी वरदान से मुक्त करवाओ।'

मंत्री ने राजा को किसी को वस्तु को छूने से मना किया और उसे रथ में डालकर वापस उसी साधू के पास ले गया। राजा को वापस आता देख साधू मुस्कुराने लगा। साधू ने अपना कमण्डलु उठाया और कुछ जल लेकर राजा पर छिड़का और वह उस श्राप रूप वरदान से मुक्त हो गया।

साधू ने राजा को कमण्डलु दिया और कहा- 'वरदान से सोना बनी जिस वस्तु को वापस उसके वास्तविक रूप में चाहते हो, उस पर ये जल छिड़क देना। वह स्वर्ण के श्राप से मुक्त हो जाएगी।'

इस तरह राजा ने उन सब वस्तुओं को वापस ठीक किया जिसको उसने सोना बनाया था।

शिक्षा- दोस्तों! इस कहानी का पात्र राजा हममें से हर कोई है जो धन के प्रति आकंठ मोह में डूबा है।

मनुष्य - मानवता - सुसंस्कार

मनुष्य एक सांसरिक जीव है। संसार एक बहता हुआ पानी है जिसमें सभी प्रकार के अणु प्रभावित होते हैं। अब यह सोचना है कि जीव को अर्थात् मनुष्य को कि किस प्रकार मानवता और सुसंस्कारों को अपनी झोली में डाल सकता है।

कहावत है वह साधक नहीं जो तपता नहीं, तपता नहीं वह पकता नहीं। तप तो पकने की प्रयोगशाला है। आम पकता है तपने के बाद, रोटी पकती है तपने के बाद, सोना चमकता है तपने के बाद। आत्मा - परमात्मा बनती है तपने के बाद। अनेक उदाहरण हैं इतिहास के पन्ने पलटिए।

